The Best Computer Institute

**Technical Education & Social Welfare Society**

# इंटरनेट क्या है? – What is Internet in Hindi

## Internet in Hindi – इंटरनेट क्या है?

- इंटरनेट दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क है जो पूरी दुनिया में फैला रहता है. इंटरनेट को हिंदी में '**अंतरजाल**' कहते हैं.
- दूसरे शब्दों में कहें तो, "इंटरनेट एक वैश्विक (global) नेटवर्क है जिसमें बहुत सारें कंप्यूटर आपस में एक दूसरे के साथ जुड़े रहते हैं."
- इंटरनेट बहुत सारें छोटे नेटवर्कों का एक समूह होता है इसलिए इंटरनेट को '**नेटवर्कों का नेटवर्क**' भी कहा जाता है.
- इंटरनेट एक वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) है जिसमें डाटा को एक जगह से दूसरी जगह भेजने के लिए इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) का इस्तेमाल किया जाता है.
- Internet का पूरा नाम '**Interconnected Network (इंटरकनेक्टेड नेटवर्क)**' होता है.
- आप दुनिया में किसी भी कोने पर पर मौजूद हो, आप इंटरनेट का इस्तेमाल करके कोई भी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं.
- इंटरनेट '**क्लाइंट सर्वर आर्किटेक्चर**' पर कार्य करता है. वह व्यक्ति जो इंटरनेट पर मौजूद information (सूचना) का प्रयोग करता है उसे क्लाइंट कहा जाता है और वह कंप्यूटर जिसमें यह सूचना स्टोर रहती है उसे सर्वर कहा जाता है.
- इंटरनेट का अविष्कार 1 जनवरी 1983 को Vint Cerf और Bob Kahn ने किया था. इसलिए Vint Cerf और Bob Kahn को '**इंटरनेट का पिता**' भी कहा जाता है.
- इंटरनेट का कोई भी मालिक नहीं है क्योंकि किसी एक व्यक्ति, देश, या कंपनी का इंटरनेट पर अधिकार नहीं होता.

- भारत में पहली बार 14 अगस्त 1995 को इंटरनेट लांच हुआ था. तब उस समय इसकी स्पीड बहुत कम हुआ करती थी.

- इंटरनेट एक ऐसा नेटवर्क है जो दुनिया भर के डिवाइसों और कंप्यूटरों को www (वर्ल्ड वाइड वेब) के साथ जोड़ता है।

- इंटरनेट एक ऐसी सुविधा है जिसका इस्तेमाल दुनिया भर के लोगो के साथ संचार (communication) करने के लिए किया जाता है। इंटरनेट का इस्तेमाल डेटा को ट्रांसफर करने , वीडियो कालिंग करने , मनोरजन करने के लिए भी किया जाता है।

- आज के समय में इंटरनेट सूचनाओं को एक स्थान से दुसरे स्थान में भेजने के लिए सबसे तेज और अच्छा साधन है। आज के समय में इंटरनेट लोगो के जीवन का एक अहम हिस्सा बन चूका है क्योकि बिना इंटरनेट के लोग एक पल भी नहीं बिता सकते। आज इंटरनेट ने हर एक चीज़ को ऑनलाइन कर दिया है जैसे की :- मनी ट्रांसफर, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, ऑनलाइन परीक्षा, ऑनलाइन पढाई आदि।



इंटरनेट का चित्र

## इंटरनेट के लाभ-

इसके बहुत सारें लाभ होते है जिनके बारे में नीचे विस्तार से बताया गया है :-

**1-** इंटरनेट का उपयोग करके यूजर किसी भी इंसान को मेसेज भेज और प्राप्त कर सकता है। यह आपको तेज गति से मेसेज भेजने और प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करता है।

**2-** इसकी मदद से यूजर अपने बिलो का भुगतान कर सकता है। उदहारण के लिए बिजली बिल, गैस बिल, कॉलेज फीस आदि।

**3-** यह लोगो को घर बैठे काम करने की सुविधा देता है। आज के समय में लाखो लोग इंटरनेट का उपयोग करके घर बैठे अपना ऑफिस का काम करते है।

**4-** इंटरनेट के माध्यम से यूजर अपने कंप्यूटर को विभिन्न प्रकार की क्लाउड सेवाओं के साथ कनेक्ट कर सकता है जैसे की :- क्लाउड स्टोरेज, क्लाउड कंप्यूटिंग आदि।

**5-** आज के समय में इंटरनेट का उपयोग advertisment (प्रचार) करने के लिए भी किया जाता है। बहुत सी ऐसी कम्पनिया है जो इंटरनेट के माध्यम से अपने प्रोडक्ट और सेवाओं का प्रचार करती है।

**6-** यह यूजर को विभिन्न प्रकार के जॉब पोर्टल्स पर ऑनलाइन नौकरियों को खोजने में मदद करता है।

**7-** इंटरनेट के माध्यम से ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग कर सकते है। इंटरनेट बैंकिंग के द्वारा आप घर बैठे बैंक से संबंधित सारे काम कर सकते है जैसे की :- पैसे भेजना , शेष राशि की जांच करना आदि।

**8-** इंटरनेट का प्रयोग करके हम अपने प्रोडक्ट्स और सेवाओं को ऑनलाइन पूरी दुनिया में बेच सकते है।

**9:**– इसका इस्तेमाल करके हम घर बैठे पैसा कमा सकते हैं.

**10:**– इसका इस्तेमाल करके हम दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

## इंटरनेट के नुकसान

इसके नुकसान नीचे दिए गये हैं :-

**1-** इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल करने से इसकी लत लग जाती है। यदि हम अपने फोन या कंप्यूटर में इंटरनेट का उपयोग अधिक मात्रा में करते है तो हमे इसकी लत (addiction) लग जाती है जिसकी वजह से हम अपना किमती समय बर्बाद करने लगते है।

**2-** इंटरनेट पर साइबर क्राइम का खतरा हमेशा बना रहता है। साइबर क्राइम एक प्रकार का अपराध होता है जिसमे कोई अनजान व्यक्ति हमारे डेटा की चोरी करता है और उस डेटा का गलत इस्तेमाल करता है।

**3-** यदि आप बहुत अधिक मात्रा में इंटरनेट का उपयोग करते है तो आपको शरीर से संबंधित समस्याओ का सामना करना पड़ सकता है। जैसे की :- आपकी आँखों की रौशनी कमजोर हो सकती है , आपके सिर में दर्द हो सकता है , आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द हो सकता है आदि।

**4-** बच्चो पर इंटरनेट का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है क्योकि आज के समय में ज्यादातर बच्चे  इंटरनेट पर दिन रात गेम खेलते रहते है। बच्चो को इंटरनेट की लत जल्दी लग जाती है। इसलिए यह छोटे बच्चो के लिए ज्यादा हानिकारक है।

**5-** आज के समय में लोग इंटरनेट का इस्तेमाल गलत चीज़ो को देखने के लिए करते है। उदहारण के लिए अश्लील तस्वीरें और अश्लील वीडियो आदि। आधुनिक समय में लाखो करोड़ो लोग ऐसे है जो इंटरनेट का उपयोग केवल अश्लील चीज़ो को देखने के लिए करते है।

**6**– जब हम इंटरनेट के माध्यम से किसी अंजान वेबसाइट पर विजिट कर रहे होते है तब हमारे कंप्यूटर या डिवाइस में वायरस आने का खतरा बना रहता है। वायरस हमारे कंप्यूटर या डिवाइस में प्रवेश करके हमारे डेटा को नुकसान पंहुचा सकता है और उस डेटा को डिलीट भी कर सकता है। इसके अलावा वायरस आपके कंप्यूटर में प्रवेश करके आपकी जरुरी जानकारी को चुरा भी सकता है और उस जानकारी का गलत उपयोग भी कर सकता है।

**7**– इंटरनेट पर बहुत से ऐसे लोग मौजूद है जो दुसरे लोगो के साथ धोखाधड़ी करते है। आधुनिक समय में इंटरनेट पर लाखो fraud होते है . धोखाधड़ी में पैसो की चोरी , डेटा की चोरी , ब्लैक मेल करना आदि शामिल है।

## इंटरनेट के उपयोग-

Internet का उपयोग बहुत सारें कार्यों को करने के लिए किया जाता है:-

## 1– Entertainment (मनोरंजन) के लिए

दुनिया में इंटरनेट का उपयोग ज्यादातर मनोरंजन के लिए किया जाता है। लोग इंटरनेट की मदद से ऑनलाइन गाने सुनते है, विडियो देखते है, गेम खेलते है.

इंटरनेट की दुनिया में मनोरंजन से सबंधित बहुत सारीं सामाग्री उपलब्ध है जिन्हे लोग देखना और सुनना पसंद करते है। लोग ज्यादातर YouTube का इस्तेमाल विडियो देखने और गाने सुनने के लिए करते हैं.

## 2– Online Shopping (ऑनलाइन शॉपिंग) के लिए

इंटरनेट का इस्तेमाल ऑनलाइन समान खरीदने के लिए भी किया जाता है। आधुनिक समय में ऑनलाइन समान खरीदना और बेचना काफी लोकप्रिय हो चूका है। आज लोग घर बैठे इंटरनेट की मदद से ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते है। **उदहारण के लिए** आप इंटरनेट की मदद से Amazon या Flipkart से शॉपिंग करते है।

## 3– Online Education (ऑनलाइन शिक्षा) के लिए

इंटरनेट ने शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज के समय में छात्र इंटरनेट के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते है , ऑनलाइन क्लास ले सकते है और ऑनलाइन परीक्षा भी दे सकते है।

इंटरनेट की मदद से छात्र  विभिन्न प्रकार के शिक्षा से संबंधित कार्यो को कर सकते है जैसे कि :- किसी विषय पर जानकारी को खोजना,  प्रोजेक्ट बना सकते है, ऑनलाइन एग्जाम की तैयारी कर सकते है , ऑनलाइन क्लासेस ले सकते है आदि।

इंटरनेट पर सभी प्रकार की पुस्तके (books) उपलब्ध होती है जिन्हे छात्र आसानी से डाउनलोड करके पढ़ सकते है।

## 4– Data Transfer  (डाटा ट्रान्सफर) करने के लिए

यह इंटरनेट का सबसे महत्वपूर्ण उपयोग है। आधुनिक समय में इंटरनेट का उपयोग डेटा और सूचनाओं को एक स्थान से दुसरे स्थान में ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है। इंटरनेट का उपयोग करके हम डेटा और फाइलों को एक डिवाइस से दुसरे डिवाइस में ट्रांसफर कर सकते है।

इंटरनेट पूरी दुनिया में मौजूद है जिसकी वजह से हम अपने डेटा को दुनिया के किसी कोने में ट्रान्सफर कर सकते है।

## 5– Research (रिसर्च) के लिए

Internet चीज़ो की रिसर्च करने में भी मदद करता है। आज के समय में हम इंटरनेट की मदद से किसी भी चीज़ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

इंटरनेट पर हर एक चीज़ की जानकारी मौजूद है जिसे हम आसानी से इकट्ठा कर सकते है। उदहारण के लिए आप ehindistudy.com में इंटरनेट के बारे में पढ़ रहे है, यह भी केवल इंटरनेट के कारण ही सम्भव हो पाया है।

## 6– Online Banking (ऑनलाइन बैंकिंग) के लिए

आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल घर बैठे किसी भी व्यक्ति को पैसे भेजने के लिए किया जाता है।

मार्किट में बहुत से ऐसे एप्लीकेशन मौजूद है जिनका उपयोग करके कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन पैसे भेज सकता है उदहारण के लिए phone pay, paytm और Google pay आदि।

इसके अलावा इंटरनेट पर मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग जैसी सुविधाएं मौजूद है जिनका उपयोग करके यूजर ऑनलाइन पैसे भेज सकता है।

### 7– Social Networking (सोशल नेटवर्किंग)

इंटरनेट का उपयोग सोशल नेटवर्किंग के लिए किया जाता है। सोशल नेटवर्कि एक ऐसी सुविधा है जिसके माध्यम से दुनिया भर के लोग आपस में जुड़ते है।

सोशल नेटवर्किंग में विभिन्न प्रकार की वेबसाइट शामिल है जैसे की :- Facebook, Instagram, और Twitter आदि। सोशल नेटवर्किंग में सुचना से लेकर मनोरंजन तक सबकुछ शामिल होता है।

### 8– Navigation (नेविगेशन) के लिए

इंटरनेट का इस्तेमाल जगह का पता लगाने के लिए किया जाता है। आप अपनी रोजाना जिंदगी में गूगल मैप का उपयोग जरूर करते होंगे जिसकी मदद से आप रास्तो और जगहों का पता लगाते होंगे। यह सुविधा उन लोगो के लिए महत्वपूर्ण हो जाती है जो किसी अनजान जगह पर जा रहे है , या कई रास्ता भटक गए हो।

### 9- ऑनलाइन पैसा कमाने के लिए


इन्टरनेट का इस्तेमाल घर बैठे ऑनलाइन पैसा कमाने के लिए किया जाता है. आप youtube पर विडियो बनाकर, ब्लॉग लिखकर, और instagram में रील बनाकर पैसे कमा सकते हैं.

### 10- नौकरी खोजने के लिए

हम internet का इस्तेमाल नौकरी खोजने के लिए कर सकते हैं. आजकल बहुत सारीं वेबसाइट और apps मौजूद हैं जिनका उपयोग करके आप आसानी से नौकरी ढूंड सकते है.

## इंटरनेट के प्रकार – Types of Internet in Hindi

Internet के बहुत सारें प्रकार होते हैं जिनके बारें में नीचे दिया गया है:-




इंटरनेट के प्रकार

### 1- Dial-Up (डायल अप)

Dial-Up इंटरनेट को एक्सेस करने की सबसे पुरानी तकनीक है. डायल-अप कनेक्शन में इंटरनेट एक्सेस करने के लिए कंप्यूटर को टेलीफ़ोन लाइन के साथ जोड़ा जाता है। Dial Up की इंटरनेट स्पीड काफी धीमी है जिसकी वजह से

इसका इस्तेमाल आज के समय में बहुत कम किया जाता है.

### 2- Broadband (ब्रॉडबैंड)

यह इंटरनेट से जुड़ने का एक लोकप्रिय तरीका है जिसमे केबल की मदद से इंटरनेट को एक्सेस किया जाता है। ब्रॉडबैंड यूजर को हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा प्रदान करता है जिसकी वजह से यूजर डेटा और फाइलों को तेज गति से ट्रांसफर कर सकता है। इसकी स्पीड 100 mbps तक होती है.

### 3- Wi-Fi (वाई-फाई)

WI-FI का पूरा नाम Wireless Fidelity (वायरलेस फिडेलिटी) होता है. Wi-Fi में इंटरनेट के साथ जुड़ने के लिए किसी भी प्रकार की केबल का उपयोग नहीं किया जाता है।

Wi-Fi की अधिकतम रेंज 100 मीटर होती है. इसलिए हमें इंटरनेट का इस्तेमाल करने के लिए 100 मीटर के अंदर ही रहना होता है. यदि हम 100 मीटर से बाहर चले जाते हैं तो हम Wi-Fi का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे.

### 4- Satellite (सेटेलाइट)

Satellite का इस्तेमाल उन जगहों पर इंटरनेट की सुविधा देने के लिए किया जाता है जहां ब्रॉडबैंड की सुविधा मौजूद नहीं होती। यह एक वायरलेस कनेक्शन है जिसमे इंटरनेट से जुड़ने के लिए केबल का उपयोग नहीं करना पड़ता. इसकी स्पीड बहुत ही कम होती है.

### 5- ISDN

ISDN का पूरा नाम Integrated Service Digital Network (इंटीग्रेटेड सर्विस डिजिटल नेटवर्क) होता है. यह एक टेलीफोन नेटवर्क है जो ग्राहकों को इंटरनेट के साथ वॉयस कॉल और डेटा ट्रांसफर जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है।

### 6- Leased Line (लीज्ड लाइन)

Leased Line एक टेलीफोन लाइन होती है जिसका इस्तेमाल इंटरनेट को एक्सेस करने के लिए किया जाता है. लीज्ड लाइन का इस्तेमाल सिर्फ बहुत बड़ी कंपनीयों के द्वारा ही किया जाता है. इसकी स्पीड 1 Mbps से 10 Gbps तक होती है.

## Internet Connection Protocols in Hindi – इंटरनेट कनेक्शन के प्रोटोकॉल

Internet में इस्तेमाल होने वाले प्रोटोकॉल निम्नलिखित हैं:-

### 1- TCP/IP

TCP/IP इंटरनेट कनेक्शन का सबसे महत्वपूर्ण प्रोटोकॉल है. इसमें TCP का पूरा नाम (**ट्रांसमिशन कण्ट्रोल प्रोटोकॉल**) होता है जो नेटवर्क को आपस में जोड़ता है। IP का पूरा नाम (**इन्टरनेट प्रोटोकॉल**) होता है जिसका इस्तेमाल डेटा को एक डिवाइस से दुसरे डिवाइस में ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है।

### 2- FTP

FTP का पूरा नाम **(फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल**) होता है। यह एक ऐसा प्रोटोकॉल है जिसकी मदद से यूजर एक डिवाइस से दुसरे डिवाइस में दस्तावेज़, टेक्स्ट फाइल, मल्टीमीडिया फाइल, प्रोग्राम फाइल आदि को ट्रांसफर करता है।

### 3- HTTP

HTTP का पूरा नाम (**हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल**) होता है। इस प्रोटोकॉल का इस्तेमाल इंटरनेट पर सुरक्षित तरीके से ब्राउज़िंग करने के लिए किया जाता है। HTTP का ज्यादातर उपयोग बैंकिंग के क्षेत्र में किया जाता है।

## Internet, Intranet और Extranet के बीच अंतर

| Internet | Intranet | Extranet |
|---|---|---|
| इंटरनेट एक public नेटवर्क होता है. | इंट्रानेट एक private नेटवर्क होता है. | एक्सट्रानेट भी एक private नेटवर्क होता है. |
| इंटरनेट को प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है। | इसका इस्तेमाल केवल एक कंपनी के लोगों के द्वारा ही किया जा सकता है. | इसका इस्तेमाल एक से अधिक कंपनी के लोगों के द्वारा किया जाता है. |
| इसका प्रयोग करने के लिए यूजरनेम और पासवर्ड की जरुरत नहीं होती। | Intranet को एक्सेस करने के लिए Username और Password जरुरी है। | इसे भी Access करने के लिए Username और Password जरुरी है। |
| इसकी सुरक्षा यूज़र के डिवाइस पर निर्भर करती है। | इसकी सुरक्षा Firewall पर निर्भर करती है। | इसकी सुरक्षा इन्टरनेट और एक्सट्रानेट के फ़ायरवॉल पर निर्भर करती है. |
| इसके द्वारा दुनिया के सभी computers को connect किया जा सकता है. | इसके द्वारा केवल एक कंपनी के Computes को connect किया जाता है. | इसके द्वारा एक से ज्यादा कंपनी के computers को connect किया जाता है. |
| **उदाहरण के लिए**: इसको आम लोग जैसे की हमलोग इस्तेमाल करते हैं. | **उदाहरण के लिए-** इसको कोई एक कंपनी इस्तेमाल करती है जैसे कि- गूगल कंपनी. | **उदाहरण के लिए** – इसको दो या दो से अधिक कंपनी इस्तेमाल करते हैं जैसे कि- फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट कंपनी. |

**Exam में पूछे जाने वाले प्रश्न –**

**इंटरनेट क्या है?**
इंटरनेट कंप्यूटरों का एक वैश्विक नेटवर्क है। इंटरनेट में बहुत से स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क होते हैं। यह कंप्यूटरों का ऐसा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जो लाखों उद्यमों, सरकारी एजेंसियों, शैक्षिक संस्थानों और व्यक्तियों आदि को परस्पर जोड़ता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इंटरनेट ने हमारे जीवन जीने के तरीके में एक क्रांति पैदा कर दी है। इसने संचार, व्यवसाय और सूचना प्राप्त करने के साथ-साथ हमारे मनोरंजन के तरीकों को भी बदलकर रख दिया है।